रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1636] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 6, 2015/श्रावण 15, 1937
No. 1636] NEW DELHI, THURSDAY, AUGUST 6, 2015 /SRAVANA 15, 1937

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2015

का.आ.2125(अ).–केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है) के अनुसरण में राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एसईआईएए), मेघालय (जिसे इसमें इसके पश्चात् प्राधिकरण, मेघालय कहा गया है) गठित करती है, जिसमें निम्नलिखित होंगे, अर्थात्:—

(क)	श्री टोकी बलाह, आईएएस (सेवानिवृत्त) चैपल रोड, क्वालपट्टी, शिलांग, मेघालय-703002	अध्यक्ष
(ख)	आचार्य बी.के. तिवारी, पर्यावरण अध्ययन विभाग, नार्थ-इस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग-793022, मेघालय	सदस्य
(ग)	मुख्य वन संरक्षक (सामाजिक वन विज्ञान और पर्यावरण), मेघालय सरकार	सदस्य सचिव

2. प्राधिकरण, मेघालय के अध्यक्ष और अशासकीय सदस्य राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे ।

3. प्राधिकरण, मेघालय ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसी प्रक्रियाओं का पालन करेगा जो उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है ।

4. प्राधिकरण, मेघालय, मेघालय राज्य के लिए पैरा 5 के अधीन गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ अंकन समिति की सिफारिशों के आधार पर अपना विनिश्चय करेगा ।

5. केंद्रीय सरकार, प्राधिकरण, मेघालय की सहायता के प्रयोजन के लिए मेघालय राज्य सरकार के परामर्श से राज्य स्तरीय विशेषज्ञ अंकन समिति, मेघालय (जिसे इसमें इसके पश्चात् एस ई ए सी, मेघालय कहा गया है), गठित करती है, जिसमें निम्नलिखित होंगे, अर्थात्:-

(i)	**श्री दरलैंडो थामी खाथिंग** **एयर हाउस,** **मदनरीटिंग, शिलांग - 793014**	**अध्यक्ष**
(ii)	**श्री नुडसेनवर्ग चेरन मोमीन** **बोनेपा, तूरा, पश्चिमी गारो हिल्स,** **मेघालय -794002**	**सदस्य**
(iii)	**श्री टोईलर एच. एस. बोनी,** **आई. एफ. एस. (सेवानिवृत्त),** **सोहियांग विलेज (मौतप),** **ईस्ट खासी हिल्स डिस्ट्रिक्ट,** **मेघालय -7903121**	**सदस्य**
(iv)	**श्री पुहरन एम. संगमा,** **म.सं. 93/ 2, मदन लबान,** **नियर नेपाली स्कूल,** **शिलांग -793004**	**सदस्य**
(v)	**श्री डोंकुपर साएम,** **जैव रसायन विभाग, नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी,** **शिलांग, मेघालय**	**सदस्य**
(vi)	**श्री फिनजैन सिंह गिरि लिंगदोह** **आपोजिट खासी नेशनल डाबर हाल,** **मौखर मेन रोड शिलांग - 293002**	**सदस्य**
(vii)	**उप वन संरक्षक, अपर प्रधान** **मुख्य वन संरक्षक का कार्यालय,** **(सामाजिक वन विज्ञान और पर्यावरण),** **मेघालय सरकार**	**सचिव**

6. एसईएसी, मेघालय के अध्यक्ष और सदस्य राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे ।

7. एसईएसी, मेघालय ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसी प्रक्रियाओं का पालन करेगा जो उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है ।

8. एस ई ए सी, सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत पर कार्य करेगी और अध्यक्ष प्रत्येक मामले में सर्वसम्मति पर पहुंचने का प्रयास करेगा और यदि सर्वसम्मति पर नहीं पहुंचा जाता है तो बहुमत का मत अभिभावी होगा ।

9. मेघालय राज्य सरकार, प्राधिकरण, मेघालय और एसईएसी, मेघालय के लिए सचिवालय के रूप में कार्य करने के लिए अभिकरण को अधिसूचित करेगी और सभी वित्तीय और संभार तंत्र समर्थन जिसके अंतर्गत वास सुविधा, परिवहन और इसके सभी कानूनी कृत्यों के संबंध में ऐसी अन्य सुविधाएं भी है, उपलब्ध कराएगी ।

10. प्राधिकरण, मेघालय के अध्यक्ष और सदस्य तथा एस ई ए सी, मेघालय के अध्यक्ष और सदस्यों को बैठक के लिए फीस, यात्रा भत्ता और मंहगाई भत्ता मेघालय राज्य सरकार के संबद्ध नियमों के अनुसार संदेय होंगे ।

[फा. सं. जे-11013/9/2007-आईए.II(1)]

मनोज कुमार सिंह, संयुक्त सचिव

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 5th August, 2015

S.O. 2125(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) and in pursuance of the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Environment and Forests number S.O. 1533(E), dated the 14th September, 2006 (hereinafter referred to as the said notification), the Central Government hereby constitutes the State Level Environment Impact Assessment Authority (SEIAA), Meghalaya (hereinafter referred to as the Authority for Meghalaya) comprising of the following Members, namely: -

(a)	Shri Toki Blah, IAS (Retd.), Chapel Road, Qualapatty Shillong, Meghalaya – 793002	Chairman
(b)	Professor B.K.Tiwari, Department of Environment Studies, North – Eastern Hill University, Shillong – 793022 Meghalaya	Member
(c)	Chief Conservator of Forests (Social Forestry and Environment), Government of Meghalaya.	Member-Secretary

2. The Chairman and non-official Member of the Authority for Meghalaya shall hold office for a term of three years from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

3. The Authority for Meghalaya shall exercise such powers and follow the procedures as specified in the said notification.

4. The Authority for Meghalaya shall base its decision on the recommendations of the State Level Expert Appraisal Committee constituted under paragraph 5 for the State of Meghalaya.

5. For the purposes of assisting the Authority for Meghalaya, the Central Government, in consultation with the State Government of Meghalaya, hereby constitutes the State Level Expert Appraisal Committee, Meghalaya (hereinafter referred to as SEAC for Meghalaya) comprising of the following Members, namely :-

(i)	Shri Darlando Thanmi Khathing Air House, Madanriting, Shillong – 793014	Chairman
(ii)	Shri Knudsenberg Cheran Momin Bonepa, Tura, P.O.Lower Chandmary, Tura, West Garo Hills, Meghalaya – 794002	Member
(iii)	Shri Toiler H. S. Bonney, IFS (Retd.) Sohiong Village (Mawtap), East Khasi Hills District, Meghalaya Pin – 793121	Member
(iv)	Shri Puhran M. Sangma H. No. 93/2, Madan Laban, Near Nepali School, Shillong-793004.	Member
(v)	Shri Donkupar Syiem Department of Biochemistry, North Eastern Hill University, Shillong, Meghalaya.	Member
(vi)	Shri Phngain Singh Giri Lyngdoh Opposite Khasi National Dorbar Hall, Mawkhar Main Road, Shillong – 793001.	Member

(vii)	Deputy Conservator of Forests, Office of the Additional Principal Chief Conservator of Forests (Social Forestry and Environment), Government of Meghalaya.	Secretary

6. The Chairman and Members of SEAC for Meghalaya shall hold office for a term of three years from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

7. The SEAC for Meghalaya shall exercise the powers and follow the procedures as specified in the said notification.

8. The SEAC for Meghalaya shall function on the principle of collective responsibility and the Chairman shall endeavor to reach a consensus in each case, and if consensus cannot be reached, the view of the majority shall prevail.

9. The State Government of Meghalaya shall notify an agency to act as Secretariat for the Authority for Meghalaya and SEAC for Meghalaya and shall provide all financial and logistic support including accommodation, transportation and such other facilities in respect of all its statutory functions.

10. The sitting fee, travelling allowance and dearness allowance to the Chairman and Member of the Authority for Meghalaya and the Chairman and Members of SEAC for Meghalaya shall be paid in accordance with the concerned rules of the State Government of Meghalaya.

[F. No. J-11013/ 9/ 2007- IA.II (I)]

MANOJ KUMAR SINGH, Jt. Secy.

IndiaCode

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.